पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पशु जन स्वास्थ्य एवं महामारी विभाग में **"एक स्वास्थ्य अवधारणा का जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम तथा बचाव में भूमिका"** के विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 19 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन 19 फरवरी को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी मार्ग निर्देशन में हुआ तथा इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ. जे.पी. शिव, संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जबलपुर. विश्वविद्यालय से शिक्षा संचालक डॉ. मधु स्वामी, विस्तार संचालक डॉ. सुनील नायक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के आयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा ASCAD ट्रेनिंग के अंतर्गत प्रायोजित इस प्रशिक्षण में प्रदेश के कुल 18 जिलों से आए हुए 22 पशु चिकित्सा भाग लेंगे कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि कुलेश ने किया

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर